तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

12 हीरापुर में कबीर साहेब सत्संग का समापन



10 सेक्टर 1 में सालभर बाद भी नहीं हुआ पानी टंकी ...





छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2026

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि

24/04/2026

(संध्या 5 बजे तक)

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


# ज्ञान भारतम सर्वेक्षण में मिली 130 वर्ष पुरानी दुर्लभ पांडुलिपियां

## झीकाटोला में ऐतिहासिक दस्तावेज मिला, राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण को बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- बलीराम हूपेंडी ने लेमिनेशन कर बचाए अपने पूर्वजों के ऐतिहासिक दस्तावेज

ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत विकासखंड डौंडीलोहारा के ग्राम झीकाटोला में सर्वेक्षण के दौरान एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धि सामने आई है। यहां स्थानीय निवासी बलीराम हूपेंडी के पास लगभग 130 वर्ष पुराने दुर्लभ दस्तावेज प्राप्त हुए हैं, जिन्हें क्षेत्र की अमूल्य धरोहर माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इन दस्तावेजों में गोंड शासकों के मुकद्दम वंशावली से जुड़े महत्वपूर्ण अभिलेख शामिल हैं। दस्तावेजों में स्व. सोनकर सिंह हूपेंडी के पिता स्व. बुधियार सिंह हूपेंडी, जो तत्कालीन मुकद्दम (पटेल) थे, उनके पूर्वजों से संबंधित अंग्रेजी शासनकाल के लगभग वर्ष 1890 के स्टाम्प पेपर की सात प्रतियां सुरक्षित पाई गई हैं। इन ऐतिहासिक दस्तावेजों को बलीराम हूपेंडी द्वारा संरक्षित रखते हुए लेमिनेशन भी कराया गया है। सर्वेक्षण दल ने इन पांडुलिपियों को ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इनके डिजिटलीकरण एवं वैज्ञानिक संरक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ करने की जानकारी दी है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो सकें।



### राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मिलेगी मदद

उल्लेखनीय है कि ग्राम झीकाटोला विकासखंड मुख्यालय का अंतिम छोर है, जो बालोद एवं राजनांदगांव जिले की सीमा पर स्थित है। सर्वेक्षण के दौरान ब्लॉक नोडल अधिकारी ए.के. साहू (एबीईओ), दिनेश मलेकर (बीआरसीसी), सहायक नोडल विजय यादव, भागवत इंदौरिया तथा प्रधान पाठक भगवान सिंह सलामे उपस्थित रहे।इस खोज को क्षेत्रीय इतिहास के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे स्थानीय विरासत को सहेजने और उसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मदद मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**बालोद/कलंगपुर।** थाना रनचिराई क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अचौद के एक युवक ने बुधवार को फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मिली जानकारी के अनुसार घटना 22 अप्रैल की सुबह की बताई जा रही है, जहां ग्राम अचौद निवासी उपेन्द्र कुमार निर्मलकर 30 वर्ष ने अपने ग्राम से 15 किलोमीटर दूर ग्राम बटरेल के नर्सरी में एक पेड़ पर प्लास्टिक रस्सी को फंदा बनाकर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जानकारी के मुताबिक उक्त युवक मंगलवार को दो पहिया वाहन से अपनी मां को रि"तेदार के यहां ग्राम कंवर छोड़ने गया था, जहां से शाम को वापस आते समय इस घटना को अंजाम दी। घटना स्थल के पास युवक की दो पहिया वाहन एवं शराब की शीशी व डिस्पोजल पाया गया, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि युवक ने फांसी लगाने से पहले शराब का सेवन किया होगा।

### पिकअप की ठोकर से स्कूटी सवार युवक घायल

**बालोद।** किराना दुकान जा रहे युवक को पीकअप ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद पीड़ित युवक ने पीकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम अर्जुंदा वार्ड क्र. 08 अमन सारथी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने स्कूटी क्रमांक सीजी 24 वी 0812 से दाऊपारा चौक अर्जुंदा के किराना दुकान जा रहा था, उसी समय पीकअप क्रमांक सीजी 07 सीटी 5147 के चालक द्वारा वाहन को खतरनाक ढ़ग से तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए लाकर मेरे स्कूटी को ठोकर मार दिया, जिसके कारण मैं वही पर गिर गया, जिससे मेरे दाहिन पैर के घुटने व टकना में तथा बाये कंधा में चोट लगा है, तथा मेरी स्कूटी पीछे से क्षतिग्रस्त हो गया है।

### महिला को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने मारी टक्कर, मामला दर्ज

**बालोद।** अपने बेटे के लिए दवाई खरीदने जा रही महिला को मोटर सायकल ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद पीड़ित महिला ने उक्त मोटर सायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पड़कीभाट निवासी ललीता बघेल ने पुलिस को बताया कि मेरा बेटा धारण बघेल का एक्सीडेन्ट होने से उसका ईलाज हास्पिटल सिवनी बालोद में चल रहा है, रात्रि मे दवाई खरीदने के लिये हास्पिटल से मेनरोड़ क्रास करके मेनरोड़ के सफेद पट्टी के अंदर ही पैदल चल रही थी, मेरे बगल में खपरी लाटाबोड़ निवासी प्रवीण महिलांगे भी चल रहा था, रात्रि सिवनी मोड़ के पास पहुंचे थे उसी समय पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एफजे 6793 का चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज रफ्तार, लापरवाही पूर्वक एवं खतरनाक ढंग से चलाते लाकर मुझे पीछे से ठोकर मार दिया। एक्सीडेन्ट करने से मेरे सिर के पीछे ▶▶| शेष पेज 11 पर

## 1 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण, जनगणना दल को डिजिटल सर्वे का प्रशिक्षण

# जनगणना की तैयारी तेज: प्रगणक-सुपरवाइजरों को मिला आधुनिक प्रशिक्षण, डिजिटल सर्वे पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नगर पालिका क्षेत्र में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देश तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनगणना चार्ज अधिकारी सीमा बक्शी के मार्गदर्शन में प्रगणक और सुपरवाइजरों को दो चरणों में व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रथम चरण 15 से 17 अप्रैल तथा द्वितीय चरण 20 से 22 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें जनगणना कार्य की बारीकियों को व्यावहारिक तरीके से समझाया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। पहले चरण में 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक घर-घर जाकर डिजिटल मोबाइल ऐप के माध्यम से सटीक और अद्यतन जानकारी संग्रहित करेंगे। तकनीक आधारित इस व्यवस्था से सर्वे कार्य अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनने की उम्मीद है। मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र सिंह और ओमेश्वरी मंडावी ने प्रशिक्षण में भाग ले रहे प्रगणकों और सुपरवाइजरों को मकान सूचीकरण, डेटा संग्रहण और फील्ड मैनेजमेंट के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। फील्ड आधारित प्रशिक्षण और रोल प्ले के जरिए प्रतिभागियों को वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप कार्य करने का अभ्यास कराया गया, जिससे उनकी कार्यक्षमता और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि हुई। जनगणना चार्ज अधिकारी सीमा बक्शी ने प्रशिक्षण का अवलोकन करते हुए कहा कि जनगणना के दौरान नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारियां पूरी तरह गोपनीय रहेंगी और उनका उपयोग केवल सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा में मकान सूचीकरण, मैपिंग और बेसलाइन डेटा संकलन को पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया। नगर पालिका क्षेत्र में चल रही यह तैयारी दर्शाती है कि दल्लीराजहरा जनगणना 2027 को सफल बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। प्रशासन और कर्मचारियों की समन्वित कोशिशें इस महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को नई दिशा और मजबूती देने की ओर अग्रसर हैं।

### जनगणना भविष्य की योजनाओं और विकास की दिशा तय करने का आधार

डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि भविष्य की योजनाओं और विकास की दिशा तय करने का आधार है। इसलिए हर प्रगणक को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और सजगता के साथ निभानी होगी। वहीं ओमेश्वरी मंडावी ने प्रशिक्षण को व्यवहारिक और परिणाममुखी बताते हुए कहा कि टीम वर्क और अनुशासन इस अभियान की सफलता की कुंजी होंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी विपिन बेहरा ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक स्वयं भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए विशेष पोर्टल उपलब्ध कराया गया है, जहां एक मोबाइल नंबर से एक ही स्व-गणना फॉर्म भरा जा सकता है। फॉर्म जमा करने के बाद प्राप्त यूनिक आईडी को प्रगणक को दिखाना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण के दौरान इंद्र यादव, देव देवांगन, सुशील टंडन, चिरंजीव, अभिजीत भगत और रतन चौधरी सहित अन्य सहयोगी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया।

# ओबीसी महासभा ने जनगणना आरक्षण व बैकलॉग भर्ती को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लागू की मांग

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में राज्यभर में विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। इसी क्रम में बालोद जिले में कलेक्टर कार्यालय के माध्यम से अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से जाति आधारित जनगणना, बैकलॉग नियुक्ति, महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं की भागीदारी तथा लंबित ओबीसी आरक्षण लागू करने की मांग उठाई गई।

प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रस्तावित राष्ट्रीय जनगणना 2027 के प्रपत्र में ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कोड निर्धारित नहीं किए जाने से समुदाय में असंतोष है। महासभा ने मांग की है कि जनगणना प्रपत्र के कॉलम नंबर 13 में ओबीसी वर्ग के लिए अलग कोड निर्धारित कर पारदर्शी तरीके से गणना की जाए। महासभा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना स्वागतयोग्य कदम है, लेकिन इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए पृथक आरक्षण का प्रावधान नहीं किया गया है, जो सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। संगठन ने ओबीसी महिलाओं को भी 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की है। इसके अलावा केंद्र व राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में वर्षों से रिक्त पड़े ओबीसी वर्ग के आरक्षित बैकलॉग पदों को शीघ्र भरने की मांग उठाई गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कई मंत्रालयों, सार्वजनिक उपक्रमों और शैक्षणिक संस्थानों में अब भी बड़ी संख्या में आरक्षित पद खाली हैं।

छत्तीसगढ़ में विगत 33 वर्षों से लंबित 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को तत्काल लागू करने तथा उच्च पदों पर प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। महासभा ▶▶| शेष पेज 11 पर

# 30 वर्षों से वर्षीतप कर रही पुष्पा देवी संचेती, बनीं आस्था की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर से लगभग तीन किलोमीटर दूर ग्राम संबलपुर में जैन धर्म के प्रति अटूट श्रद्धा और तपस्या की अनूठी मिसाल देखने को मिल रही है। यहां की धर्मनिष्ठ श्राविका पुष्पा देवी संचेती (67 वर्ष), धर्म सहायिका मांगीलाल संचेती, विगत 30 वर्षों से लगातार वर्षीतप तपस्या कर रही हैं, जो अपने आप में अत्यंत दुर्लभ और प्रेरणादायक है। वर्षीतप का अर्थ है एक दिन पूर्ण उपवास और दूसरे दिन आहार ग्रहण करना, यह क्रम पूरे वर्ष तक चलता है। पुष्पा देवी संचेती ने इस कठिन तपस्या को लगातार तीन दशकों से जारी रखा है। सर्दी, गर्मी, वर्षा या शारीरिक असुविधा जैसी परिस्थितियां भी उनके संकल्प को डिगा नहीं सकीं।

सोमवार को महासती श्री प्रमिला श्री जी म.सा श्री सुप्रिया श्री जी म.सा. एवं श्री अनुजा श्री जी म.सा. के मंगल सानिध्य में पुष्पा देवी ने इक्षु रस से विधिवत पारणा किया। पारिवारिक सदस्यों ने बारी-बारी से उन्हें इक्षु रस पिलाकर पारणा संपन्न कराया। 30 वर्षों की इस तपस्या में उन्होंने लगभग 15 वर्ष पूर्ण उपवास में और ▶▶| शेष पेज 11 पर

# मुक्केबाज़ों का दम, होगा हाई वोल्टेज 'फाइट नाइट दंगल'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजधानी रायपुर के अंबुजा मॉल में 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से आई ए बी एफ फाइट नाइट दंगल का रोमांच छाने वाला है, जहां छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के बीच जोरदार बॉक्सिंग मुकाबले होंगे। इस आयोजन में दल्ली राजहरा के खिलाड़ियों की मजबूत मौजूदगी ने क्षेत्र का उत्साह और बढ़ा दिया है। चयन ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए बालोद जिले के 4 खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनाई है, जिनमें शुभम कुमार निषाद, जैस्मिन साहू, पल्लवी साहू और खिलेश्वरी साहू शामिल हैं। खास बात यह है कि दल्ली राजहरा मार्शल आर्ट क्लब के खिलाड़ी भी टीम में दमदार उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं, जो क्षेत्र में उभरती बॉक्सिंग प्रतिभा को दर्शाता है।

### युवाओं को मिलेगा मंच



इस मेगा इवेंट के आयोजन में दल्ली राजहरा के लखन कुमार साहू, प्रणव शंकर साहू और अमन यादव की अहम भूमिका है, जो पूरी तैयारी के साथ प्रतियोगिता को सफल बनाने में जुटे हैं। आयोजन के दौरान रेफरी-जज प्रशिक्षण भी 22 से 25 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर खेल विशेषज्ञता को मजबूती मिलेगी। खिलाड़ियों के लिए एंट्री फीस, आवास और भोजन पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है, जिससे अधिक से अधिक प्रतिभाओं को मंच मिल सके। विजेताओं को नगद पुरस्कार के साथ बॉक्सिंग किट प्रदान की जाएगी। "रोड टू लॉस एंजेलिस से जुड़े इस आयोजन को युवा खिलाड़ियों के लिए बड़ा अवसर माना जा रहा है, जो उन्हें राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का रास्ता देगा। यह दंगल प्रदेश में बॉक्सिंग के बढ़ते जुनून और नई पहचान की मजबूत झलक पेश करेगा।

## भाजयुमो महिला सम्मान व सुरक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करता रहेगा

# महिला सुरक्षा को लेकर भाजपा का जन-आक्रोश मार्च, पुतला दहन कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





भाजपा शहर मंडल, महिला मोर्चा भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जन–आक्रोश महिला सम्मेलन एवं पैदल मार्च निकाल कर महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के समर्थन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुतला दहन भी किया गया।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष गुलशन साहू के नेतृत्व में दल्ली चौक से जयस्तंभ चौक तक पैदल मार्च निकाला गया। मार्च में कार्यकर्ताओं ने हाथों में 33 प्रतिशत आरक्षण बिल, कांग्रेस का हाथ महिलाओं के खिलाफ, नारी सम्मान, महिलाओं के हक पर सवाल, कांग्रेसियों की है पुरानी चाल जैसे नारों की तख्तियां लेकर महिला सुरक्षा को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल के अध्यक्ष अमित चोपड़ा, सहित शहर मंडल के पदाधिकारी, वरिष्ठ नेता एवं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मोना टुवानी सहित समस्त महिला मोर्चा की वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। भाजयुमो से महामंत्री अनूप देशमुख, हिमांशु साहू, जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष डोमेन्द्र देशमुख, जिला मीडिया प्रभारी भाजयुमो अभिन्न यादव एवं भाजयुमो जिला प्राचार प्रसार प्रमुख जागेश्वर ढीमर भाजयुमो बालोद शहर अध्यक्ष राहुल सोनी, समस्त भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष गुलशन साहू ने कहा प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार हो रही घटनाओं और कांग्रेस की महिला विरोधी नीतियों के खिलाफ आज यह जन–आक्रोश मार्च निकाला गया। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को पास होने से रोकने वालों को जनता बेनकाब करेगी। भाजयुमो महिला सम्मान व सुरक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करता रहेगा।



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और

कमाएं

₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव

योग्यता- 12वीं से स्नातक

मात्र 6 घंटे का आसान काम और फिर आराम ही आराम

ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।

स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय :

पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)

Resume करें - 9977374898

## खबर संक्षेप

### नशेड़ी वाहन चालको पर हुई कार्रवाई



**भिलाई।** सड़क पर चल रहे नशेड़ी किस्म के वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। ब्रेथ एनालाइजर जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने पर वाहन भी जप्त कर न्यायालयीन कार्रवाई की जा रही है। कार एवं लग्जरी वाहन चालकों की सघन जांच कर 10 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाी की गई। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर लगातार विशेष चेकिंग अभियान चल रहा है। देर शाम से रात तक जिले के प्रमुख मार्गों, ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट क्षेत्रों में विशेष शराब चेकिंग अभियान संचालित किया गया। संदिग्ध वाहनों को रोककर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जांच के दौरान एक मालवाहक वाहन, जिसमें शासकीय शराब का परिवहन किया जा रहा था। चालक को शराब सेवन की स्थिति में वाहन चलाते पाया गया। उक्त कृत्य गंभीर लापरवाही पाए जाने पर तत्काल वाहन जप्त कर न्यायालयीन कार्रवाी की गई। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार के वाहन चालक, चाहे वह निजी, व्यावसायिक, शासकीय कार्य में संलग्न हो, नियमों का उल्लंघन करने पर उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### राइस मिल में लगी आग मशक्कत के बाद काबू

**भिलाई।** श्रद्धा राइस मिल में रखे बारदानों में अचानक आग लगने से सनसनी फैल गई। सूचना पर दमकल कर्मी पहुंचे और आग को मशक्कत के बाद काबू किया। मिली जानकारी के मुताबिक जेवरा सिरसा में स्थित है उर्त राइस मिल। आग बुझाने दो दमकल टीम को मौके पर पहुंची थी। राइस मिल में रखे बारदानों पर से आग की लपटें निकल रहा था। आगजनी का कारण अज्ञात है। आग बुझाने सह. स्टेशन फायर प्रभारी संतोष पाण्डेय, अग्निशमन दल प्रभारी धन्नु यादव, भगवती बंजारे ,अग्निशमन कर्मी शैलेन्द्र, कुंजेश, कुलेश, नितिन उमाशंकर, योगेश, संतोष, नरोत्तम टंडन मौजूद थे।

# हाईकोर्ट से आदेश के बाद भी नहीं हटा हरिनगर में एप्रोच रोड पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड 59 हरिनगर कातुलबोर्ड दुर्ग के निवासियों के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद विजय बघेल से मिलकर वार्ड में एप्रोच रोड को जोड़ने और यहां अतिक्रमण हटाने की मांग की। सांसद ने कलेक्टर को निर्देश देने का आश्वासन क्षेत्रवासियों को दिया है।

प्रतिनिधि मंडल ने सांसद श्री बघेल को बताया कि वार्ड 59 हरि नगर कातुल बोर्ड में वर्षों से हेरिटेज स्कूल के पास से निर्माणाधीन सर्विस रोड तक हेरिटेज स्कूल के गेट नंबर 2 के सामने से सर्विस रोड तक एप्रोच रोड को जोड़ने की मांग करते आ रहे हैं। दो बार कलेक्टर जनदर्शन व क्षेत्रीय विधायक शहरी, दुर्ग एसडीएम, दुर्ग नगर निगम महापौर, आयुक्त दुर्ग, को अपनी मांगों से अवगत करा चुके हैं लेकिन आश्वासन के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मांग को लेकर वार्डवासियों द्वारा एक सप्ताह तक जमीन पर धरना प्रदर्शन किया था। इस जमीन खसरा नंबर 3/40 जिस पर रोड निर्माण होना है यह जमीन कोटवार को आवंटित भूमि है, जिसको नेहरू नगर निवासी द्वारा कोटवार से खरीदी है। कब्जा हटाने छग हाई कोर्ट ने इस खरीदी बिक्री को अवैध ठहराते हुए आदेश दिया कि कोटवार की अपनी सेवा भूमि को यदि बेच देते हैं तो जिला प्रशासन उस बिक्री को रद्द कर जमीन वापस ले लेता है। कोटवार को सेवा से बर्खास्त भी कर सकता है एवं कब्जा धारक को नोटिस दिया जाता है अवैध रजिस्ट्री और नामांतरण रद्द किए जाते हैं । जमीन को वापस सेवा भूमि के रूप में दर्ज किया जाता है। छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता की धारा 158 , 320 के तहत कार्रवाई करते हुए खरीदी बिक्री जमीन के दस्तावेज लेकर शून्य घोषित किया है।

## वार्डवासियों ने सांसद बघेल से की कब्जा हटाने की गुहार



### कार्रवाई के लिए कलेक्टर को किया निर्देशित

हाईकोर्ट ने खरीददारों को नोटिस जारी करते हुए यह जमीन खाली करने का आदेश दिया है। यह आदेश वर्ष 2016 से लागू है लेकिन नेहरू नगर निवासी को नायब तहसीलदार दुर्ग ने 29 नवंबर 2024, 13 दिसंबर 24, 3 जनवरी 2025 और 28 फरवरी 2025, 7.अगस्त 2025, 25. नवंबर . 2025, 11 -फरवरी 2026 को नोटिस जारी करते हुए अदालत में पेश होने का आदेश दिया है लेकिन नेहरू नगर निवासी नोटिस मिलने के बाद भी न्यायालय में पेश नहीं हुए और जमीन को अपनी जमीन बताते हुए बाउंड्री वॉल का निर्माण कर रहा था। मोहल्ले वालों के विरोध के कारण बाउंड्री वाल का काम रुका है। इस जमीन पर नगर निगम दुर्ग ने प्रस्तावित एप्रोच रोड 30 फीट निर्माण का नक्शा बनाया है। इस एप्रोच रोड का निर्माण हो जाने से वार्ड के करीब दस हजार वार्ड वासियों को आने-जाने की सुविधा मिलेगी क्योंकि रोड की कनेक्टिविटी नहीं होने से वार्ड वासियों को डी मार्ट, शंकराचार्य हॉस्पिटल, पावर हाउस, स्मृति नगर जाने के लिए 4 किलोमीटर घूम कर जाना होता है। समस्या से अवगत होने पर सांसद विजय बघेल ने निदान के लिए कलेक्टर दुर्ग को कार्रवाई करने का निर्देश दिए। प्रतिनिधि मंडल में एमआर पाटिल, लखनलाल सिन्हा, डी एस ठाकुर, सीएस वर्मा, ओपी शर्मा, कुलदीप सिंह धंजल आदि शामिल थे।

## भीषण गर्मी में पेयजल किल्लत व पाइप लाइन के मलबे से आवाजाही में परेशानी

# सेक्टर 1 में सालभर बाद भी नहीं हुआ पानी टंकी का निर्माण, देरी से लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में पेयजल किल्लत की समस्या बढ़ रही है। टाउनशिप के भी कई क्षेत्रों में रहवासी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सेक्टर 1 में नए ओव्हरहेड टैंक और पाइप लाइन के निर्माण में लेटलतीफी का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। टंकी का निर्माण सालभर बाद भी पूर्ण नहीं होने से पानी की समस्या के साथ पाइप लाइन के लिए खोदे गए लंबे गड्ठे के मुरम से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में पिछले तीन साल से घरों में एक ही टाइम यानी सिर्फ सुबह ही मात्र एक घंटे के लिए जलापूर्ति की जा रही है। इस बीच पाइप लाइनें सालों पुरानी होने, ऊपरी फ्लोर के क्वार्टरों में पानी तेजी से नहीं चढ़ने और नीचे के कई रहवासियों द्वारा मोटरपंप लगा लेने के चलते भी लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत सेक्टर एक और इससे लगे सेक्टरों के कुछ क्षेत्रों के लोगों को हो रही है। सेक्टर 1 में सालभर बाद भी नई पानी टंकी का निर्माण पूर्ण नहीं होने से यहां के लोगों को दोतरफा परेशानी हो रही है। बीएसपी द्वारा सेक्टर 1 में 50 साल पुरानी पानी टंकी डैमेज हो जाने के कारण हाइ स्कूल मैदान में नई पानी टंकी का निर्माण कार्य सालभर पूर्व शुरु किया गया था। निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने से पानी की किल्लत के साथ सड़क 5 में पाइप लाइन के गड्ठे के मलबे से आवाजाही में परेशानी के साथ दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

## पाइप लाइन बिछाने के बाद नहीं पाटे गड्ढे







### अंधेरे में गड्ठे में गिर रहे लोग

सेक्टर 1 बीएसपी स्कूल मैदान में निर्माणाधीन पानी टंकी व पुराने पंपहाउस तक पाइप लाइन को जोड़ा जाना है। सड़क 5 में पाइप लाइन बिछाने के बाद लंबी नालीनुमा गड्ठे के मुरम को पाटा नहीं गया है। रहवासियों ने बताया कि महीनों पूर्व सड़क पर गड्ठे और बिखरे मुरम से लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है और दोपहिया चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बिजली गुल होने पर समस्या बढ़ रही है। पानी टंकी का निर्माण सालभर से हो रहा है लेकिन लेटलतीफी के चलते अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है।

### दोनों टाइम पानी की मांग

भीषण गर्मी में सेक्टर एक सहित कई सेक्टरों में नीचे के क्वार्टरों के कई रहवासियों ने पानी खींचने के लिए मोटरपंप लगा रखे हैं। वहीं पेयजल की पाइप लाइन वर्षों पुरानी हो चुकी है। इसके चलते ऊपरी माले के आवासों व अधिकतर जिन घरों में पंप नहीं लगे हैं,जलापूर्ति के समय उनके घरों के नलों में पानी की धार बहुत पतली रहती है। इस कारण पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। रहवासियों ने बताया कि बीएसपी द्वारा पानी टंकी व पाइप लाइन बिछाने का काम जल्द पूर्ण किए जाने के साथ दोनों टाइम जलापूर्ति भी किए जाने की जरुरत है,ताकि भारी गर्मी में लोगों दिक्कत न हो।

# सड़क बाधा कर आवागमन प्रभावित करने वालों पर निगम ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-3 अंतर्गत स्थित पावर हाउस चौक शहर का सबसे व्यस्ततम मार्गों में से एक है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे.बड़े एवं भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है। इस मार्ग पर बढ़ते यातायात दबाव के बीच सड़क पर हो रहे अतिक्रमण से आम नागरिकों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- पावर हाउस चौक में चलाया गया अभियान

### सड़क तक सामान फैलाने से कम हो रही चौड़ाई

क्षेत्र के कुछ व्यापारी अपनी दुकानों के सामने सड़क तक सामान फैलाकर रखते हैं, वहीं फल एवं सब्जी विक्रेता भी सड़कों पर ठेला लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और यातायात बाधित होता है, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। निगम अधिकारियों ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण के कारण न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। विशेष रूप से व्यस्त समय में यहां स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। निगम प्रशासन ने सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई कीए ताकि आमजन को सुगम एवं सुरक्षित यातायात की सुविधा मिल सके। साथ ही व्यापारियों एवं ठेला संचालकों से भी अपील की जा रही है कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें और निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय संचालित करें।

# बीएसपी में जीरो हार्म सुरक्षा पर फोकस सुरक्षा मानकों के सुदृढ़ करने समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र में सेफ्टी वारियर्स एवं सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की बैठक हुई। बैठक में सेफ्टी वारियर्स की गतिविधियों और सुरक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल और मुख्य महाप्रबंधक देवदत्त सतपथी ने की। विभिन्न विभागों के सेफ्टी वारियर्स समूह के सदस्य उपस्थित थे।

- सेफ्टी वारियर्स एवं सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की बैठक

सेफ्टी वारियर्स द्वारा संचालित व्यापक सड़क सुरक्षा अभियान पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि सेफ्टी वारियर्स द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सघन रोड कैंपेनिंग अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों के अंतर्गत वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले खतरों, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने के जोखिमों तथा कार में सीट बेल्ट न पहनने के दुष्परिणामों के प्रति विशेष जागरूकता फैलाई जा रही है। आगे नशे की अवस्था में वाहन संचालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग पर नियंत्रण के लिए प्रभावी उपायों पर भी चर्चा की गई।संयंत्र में गैस एवं युटिलिटी पाइपलाइन के नीचे पेड़ों एवं टहनियों के कारण संभावित क्षति की समस्या के समाधान के लिए विशेष लाइन मॉनिटरिंग अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि जीरो हार्म' सुरक्षा दृष्टि को साकार करने में महत्वपूर्ण है।

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों को लंबित राशि मिलने से राहत



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत बीस ठेका मजदूरों का लंबित भुगतान होने से राहत मिली है। बकाया राशि का भुगतान एक्टू की शिकायत पर क्षेत्रीय श्रमायुक्त रायपुर के मामले के निपटारे पर हुआ। सेंटर आफ स्टील वर्कर्स संबंध ऐक्टू के महासचिव बृजेंद्र तिवारी ने बताया कि संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस में ठेकेदार बिंदु कंस्ट्रक्शन एंड आइईएस के माध्यम से कार्यरत 20 ठेका श्रमिक कार्यरत थे ,जिसमें चार महिला श्रमिक भी थी। श्रमिकों ने एक वर्ष से लेकर चार वर्ष तक काम किया था. जिनको ठेकेदार ने अंतिम भुगतान के रूप मे कम राशि का भुगतान किया गया था। इन श्रमिकों के अंतिम भुगतान के बकाया राशि को 16 अप्रैल को 3,22,257 रुपए दिया गया । शिकायत पर बीएसपी प्रबंधन के निराकरण करने पर मामले की शिकायत क्षेत्रीय श्रमायुक्त( केंद्रीय), रायपुर में किए जाने पर इसका अंतिम निपटारा 20 अप्रैल को रायपुर में हुआ. इस दौरान क्षेत्रीय श्रमायुक्त केंद्रीय अखिलेश राय, सहायक प्रबंधक सी एल सी बीएसपी हरिश बैतुले,बिंदु कंस्ट्रक्शन एंड आइ ई एस के जी एम शशिधरन नायर,यूनियन व श्रमिकों की ओर से बृजेन्द्र तिवारी, उमेश,विजय, राज यादव, विजय कुमार उपस्थित थे। यह भुगतान भुगतान श्रमिकों अरविंद कुमार यादव, दीनू कुमार, जनक लाल यादव, शशि हरपाल,राज यादव, विजय कुमार आदि को किया गया।

# अवैध हथियार व नशीली दवाओं के कारोबार को लेकर पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



अवैध हथियार, नशीली दवाओ के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। इसे लेकर ई कामर्स से जुड़े गोदाम, हब में अब सीसी कैमरा स्टॉल करना होगा। इसके प्रतिनिधियों को कानूनी प्रावधानों को लेकर जानकारी भी दी गई। यह जानकारी सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में दी गई।

ग्रामीण एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि संदिग्ध पार्सल की पहचान, स्कैनिंग प्रक्रिया, ग्राहक सत्यापन, रिकॉर्ड संधारण की अनिवार्यता पर विशेष बल दिया। डिलीवरी स्टाफ का सत्यापन, सीसी टीवी से निगरानी,पुलिस के साथ सतत समन्वय स्थापित कर अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण करने निर्देशित किया। कूरियर कंपनियों एवं ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों को अवैध हथियार,नशीली दवाइयों के अवैध व्यापार को लेकर ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में प्रतिनिधियों को एमनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट के प्रावधानों से अवगत कराया गया। नशीली दवाइयों, अवैध हथियारों का परिवहन, भंडारण वितरण गंभीर दंडनीय अपराध है।

सभी कंपनियों को निर्देशित किया गया कि पार्सल बुकिंग के समय प्रेषक की वैध पहचान सुनिश्चित करें। संदिग्ध पार्सल की स्कैनिंग करें, आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को सूचना दे। नशीली दवाइयों, धारदार हथियार अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के परिवहन पर विशेष निगरानी रखने भी कहा गया है। ट्रेनिंग में यह भी बताया गया कि प्रत्येक हब. गोदाम में सीसी कैमरे स्थापित कर रिकॉर्ड को सुरक्षित रखा जाए। डिलीवरी एवं पिकअप स्टाफ का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से करे। इस दौरान डीएसपी क्राइम यदुमणि सिदार समेत विभिन्न कुरियर कंपनी ई-कॉमर्स कंपनियों के प्रतिनिधि संचालन मौजूद थे।

## निर्माण नहीं करने वालों की समस्याएं सुनने निगम का था बुलावा

# 163 को पीएम आवास, केवल 19 ने बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 बीएलसी घटक के ऐसे हितग्राही जिन्होंने मकान निर्माण हेतु आवेदन तो किया है लेकिन किसी कारणवश स्वीकृति उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं उनके लिए नगर पालिक निगम द्वारा विशेष पहल की गई ।

- भिलाई निगम के सभागार में समस्याओं के समाधान पर चर्चा




कलेक्टर के निर्देश उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना के अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी अजीत कुमार तिग्गा ने सभागार में अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों की बैठक बुलाकर सीधे संवाद किया । हैरत की बात यह रही कि बैठक में 163 हितग्राहियों को बुलाया गया था जिसमें 19 हितग्राहियों की उपस्थिति रही। जिसमें 13 हितग्राहियों ने आवास प्रारंभ करने की सहमति दी तथा अपने मकान निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने की सहमति व्यक्त की।

### आर्थिक समस्याएं व ठेकेदार नहीं मिल रहे

बैठक में उपस्थित हितग्राहियों से नोडल अधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझा कई हितग्राहियों ने आर्थिक अभाव, तो कुछ ठेकेदार नहीं मिलने के कारण को बताएं। एक हितग्राही के यहां उसकी पत्नी के दोनों किडनी खराब हो जाने की स्थिति को बताया तथा नोडल अधिकारी ने सभी को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रेरित करते हुए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। बैठक में समाजिक विशेषज्ञ किरण चतुर्वेदी, एम आई एस अभिषेक बजाज, सिविल विशेषज्ञ आदित्य ठाकुर एवं समस्त एरिया के समस्त सर्वेयर उपस्थित रहे।

# मोबाइल गुमा खाते से लाखों रुपए पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मोबाइल फोन गुमने पर अज्ञात ने फोन के माध्यम से लाखों रुपए पार कर दिया। घटना की शिकायत छावनी पुलिस से की गई। पुलिस ने बताया कि शाप नं 32, बी मार्केट, सेक्टर 1 निवासी सुभाष चंद 14 अप्रैल को पावर हाउस चौक अम्बेडकर जयंती समारोह में शामिल होने गया था। पीड़ता का मोबाइल गायब हो गया। मोबाइल नंबर का लिंग एसबीआई के खाते से था। अज्ञात ने मोबाईल उपयोग कर युपीआई के माध्यम से कुल 1 लाख 99 हजार 621 रुपये पार कर दिया। पीड़ित ने 18 अप्रैल को खाते से कुछ अनाधिकृत लेन-देन का एसएमएस मिला को कस्टमर केयर से पीड़ित ने खाता खाते को ब्लॉक कराया गया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब पर आधारित नृत्य व नाट्य की प्रस्तुति

**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं राष्ट्र निर्माता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की संयुक्त सार्वजनिक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन परिसर, सेक्टर-6 भिलाई में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- सेक्टर-6 भिलाई में कार्यक्रम का आयोजन

इस दौरान तीन दिनों से चल रहे बच्चों, महिलाओं के लिए आयोजित निबंध रंगोली,भाषण एवं अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान संस्था के महिला मंडल के स्वागत गीत के साथ शुरू किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन संजय गजघाटे ने बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमें महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चलना है उन्होंने वर्तमान में देश में बढ़ रहे नारियों के प्रति दुराचार एवं आपसी मनमुटाव के भावनाओं से दूर करके समाज के निर्माण में राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य तन मन धन देने की आवश्यकता को बताया, साता ही उन्होंने समाज को अपने शक्ति को राष्ट्र निर्माण में लगाने प्रोत्साहित किया। संस्था के अध्यक्ष विनोद वासनिक ने संस्था के प्रतिवेदन पढ़ते आगामी गतिविधि के बारे में भी समाज को अवगत कराया।

## खबर संक्षेप

### उप निर्वाचन हेतु जिला स्तरीय शिकायत सेल का गठन

**दुर्ग।** नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी उप निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली तैयार, पुनरीक्षण का कार्य जिले में प्रभावशील है। नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन होना प्रस्तावित है। आगामी निर्वाचन से संबंधित शिकायत पर त्वरित कार्यवाही के लिए जिला स्तरीय शिकायत सेल का गठन किया गया है। यह शिकायत सेल भू-अभिलेख कक्ष क्रमांक 21 में संचालित होगा। इसके संचालन हेतु विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी उनके पूर्व दायित्वों के साथ अतिरिक्त रूप से लगाई गई है। शिकायत सेल में अधीक्षक भू-अभिलेख सुश्री रेखा राजपूत मोबाइल नंबर 8359809792 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके साथ सहायक प्रभारी अजय मेरावी सहायक अधीक्षक 7987028422 जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके अलावा उज्जवला ध्रुव सहायक ग्रेड-02, सुश्री साधना वर्मा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) तथा राहुल यादव भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है, जो विभिन्न सहायक कार्यों का निर्वहन करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन के आदेशानुसार यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। शिकायत सेल में लगाए गए कर्मचारी प्रभारी अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे।

### पंचायती राज दिवस 24 को

**दुर्ग।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को विशेष ग्राम सभा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ, जो ग्राम पंचायतों में स्थानीय स्वशासन की सशक्त नींव का प्रतीक है। इसी के तहत 24 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। विशेष ग्राम सभा के अंतर्गत ग्राम के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा।

### मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल को किया जा रहा है। परीक्षा में कुल 38,937 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसके लिए दुर्ग जिले में 123 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा का समय प्रातः 10 से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थियों की सुविधा और सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने केंद्र का अवलोकन करने की सलाह दी गई है। परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य है ताकि उनके फोटो युक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन और सुरक्षा जांच की जा सके। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार प्रातः 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी
डौण्डीलोहारा, जिला -बालोद (छ.ग.)
रेणुका बाई पति माखन लाल, जाति हल्बा उम्र 42 वर्ष, साकिन-माटरी, पो. भवरमरा, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. शपथकर्ता

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं -
1. यह कि, शपथकर्ता का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि, शपथकर्ता का वास्तविक नाम रेणुका बाई पति माखन लाल है। त्रुटिवश आधार कार्ड 3138 7905 3509 में शपथकर्ता का नाम रेणुका बाई के स्थान पर वेणुका बाई दर्ज हो गया है तथा पेन कार्ड DGWPB6096L में रेणुका बाई व मतदाता परिचय पत्र IMQ0699975 में भी रेणुका दर्ज है जो कि एक ही व्यक्ति है इसलिए आधार कार्ड में वेणुका बाई के स्थान पर रेणुका बाई दर्ज कर सुधार किया जाना आवश्यक है के निमित सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. के समक्ष आज दिनांक 22/04/2026 को शपथकर्ता द्वारा निष्पादित है।
3. यह कि, शपथकर्ता के द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य है गलत पाये जाने पर पूरी जवाबदारी शपथकर्ता की होगी।

अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं शपथकर्ता सत्यनिष्ठा से सत्यापित करता हु कि शपथपत्र की कंडिका 1 से लेकर 3 तक दी गई जानकारी सत्य व सही है। जिसे पढ़कर / पढ़ाकर / समझकर स्थान डौण्डीलोहारा में दिनांक 22/04/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करती हूं।

सत्यापनकर्ती

# किराए पर संचालित दुकानों पर होगी कार्रवाई, सभी को नोटिस जारी करने के निर्देश

## महापौर अलका बाघमार ने महिला समृद्धि बाजार का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

गौरवपथ स्थित महिला समृद्धि बाजार का महापौर अलका बाघमार द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी शेखर चन्द्राकर एवं निगम बाजार विभाग अमला मौजूद रहे। उन्होंने व्यापारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। महापौर ने निरीक्षण के दौरान बाजार परिसर में व्याप्त स्वच्छता संबंधी खामियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाजार में आने वाले ग्राहकों, विशेषकर महिलाओं के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान महापौर विभिन्न दुकानों में पहुंचीं और वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि परिसर में कितनी दुकानों का आवंटन हुआ है तथा कितनी दुकानें किराए पर संचालित हो रही हैं। इस पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमों के विरुद्ध संचालित सभी दुकानों पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा संबंधित दुकान संचालकों को उसी दिन नोटिस जारी किया जाए।




### महिला सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है उद्देश्य

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला समृद्धि बाजार की स्थापना की गई है। इस योजना का मूल उद्देश्य महिलाओं को व्यवसायिक अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस उद्देश्य की पूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाजार की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि यह बाजार शहर की महिलाओं के लिए एक आदर्श व्यापारिक केंद्र के रूप में विकसित हो सके।

## दिनभर सुबह से शाम तक धूप व बदली की चलती रही आंखमिचौली

# आधी रात गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ी, पारा 2 डिग्री सेल्सियस आया नीचे

## लू से मिली ट्विनसिटी को राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पिछले पांच दिनों से ट्विनसिटी में चल रही गर्म हवाओं से मंगलवार को राहत मिली। सोमवार की रात करीब 12 बजे अचानक बादल गरजे और गरज-चमक के साथ बौछारें भी हुई। मौसम के इस व्यापक बदलाव से ट्विनसिटी में पारा 2 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। मंगलवार सुबह से ही बदली की स्थिति रही। दिनभर आसमान पर बदली और फिर बीच-बीच में धूप निकलने का दौर चलता रहा। जिसकी वजह से ट्विनसिटी के रहवासियों को भीषण गर्मी से छुटकारा मिला। मौसम विभाग ने बुधवार को अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। यानी फिर से लू जैसे हालात बन सकते हैं।

सोमवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस चला गया था। मंगलवार को यह 41.8 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। इस तरह करीब दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि यह सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। न्यूनतम तापमान भी 26. 4 डिग्री सेल्सियस रहा है जो सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा है। मौसम विभाग के हिसाब से 22 अप्रैल को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।



### इस तरह है मौसम का सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और बिलासपुर में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। उत्तरी छत्तीसगढ़ और आसपास के इलाकों में समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के चक्रवाती परिसंचरण से लेकर तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु होते हुए कोमोरन क्षेत्र तक समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर एक द्रोणिका बनी हुई है।

### आज रहेगा मौसम शुष्क

मौसम विभाग के मुताबिक 22 अप्रैल को दुर्ग सहित प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। एक-दो पॉकेट में ग्रीष्मलहर चलने व एक या दो स्थानों पर उष्ण रात्रि होने की संभावना है।

### ऐसा होता है गर्मी में मौसम का पैटर्न

मौसम विशेषज्ञ हरिप्रसाद चंद्रा का कहना है कि वैश्विक स्तर पर अलनीनो और ला-नीना का प्रभाव मौसम तीन से पांच साल के अंतराल में बदलता रहता है। इस बार ला-नीना सक्रिय रहा, जिसका असर पिछले मानसून और सर्दी दोनों में देखने को मिला। ला-नीना के प्रभाव के चलते जून से अक्टूबर तक बारिश सामान्य और समय-समय पर होती रही। वहीं सर्दियों में भी अच्छी ठंड दर्ज की गई। अब यही पैटर्न गर्मी के मौसम में भी राहत देने वाला साबित हो सकता है। मौसम विभाग का मानना है कि अप्रैल और मई में गर्मी तो पड़ेगी, लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों की तरह झुलसाने वाली नहीं होगी।



# 'महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा कर रही गुमराह'

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर दुर्ग में कांग्रेस ने भाजपा के कथनी और करनी पर जमकर सवाल उठाए। कांग्रेस का कहना था कि हम महिला आरक्षण के समर्थक थे, है और रहेंगे, लेकिन भाजपा 131वें संविधान संशोधन में महिला आरक्षण के आड़ में परिसीमन संशोधन बिल और केन्द्र शासित प्रदेश कानून बिल को पारित करवाना चाहती थी। इसलिए विपक्ष ने एकजुट होकर सदन में लाए गए बिल को धराशायी कर भाजपा को बेनकाब कर दिया है।

वास्तविकता यह है कि महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) संविधान के 106 वें संशोधन 2023 में संसद के दोनो सदनों में पारित हो चुका है। अगर भाजपा महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है, तो 2023 के बिल को लागू कर संसद के वर्तमान सदस्यों की संख्या के आधार पर महिला सदस्यों को क्यों आरक्षण नही दे रही है। कांग्रेस ने स्पष्ट कहा है कि महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर भाजपा झूठ बोलकर जनता में भ्रम फैला रही है, लेकिन जनता भाजपा के कथनी और करनी को बेहतर समझती है। अब जनता गुमराह होने वाली नहीं है। कांग्रेस का महिला आरक्षण के मुद्दे पर सड़क से सदन तक की लड़ाई आगे भी जारी रहेगा। आयोजित प्रेस वार्ता ने यह बातें दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, भिलाई निगम एमआईसी सदस्य नेहा साहू, दुर्ग जिला पंचायत की पूर्व सदस्य योगिता चंद्राकर ने सोमवार को स्थानीय राजीव भवन (कांग्रेस भवन) में कही।

## डिजिटल जनगणना 2027 के लिए बालोद जिले में जिला स्तरीय जनगणना प्रकोष्ठ का गठन

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन के गृह सामान्य विभाग के निर्देशानुसार बालोद जिले में भारत की डिजिटल जनगणना 2027 हेतु जिला स्तरीय जनगणना प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिसके अंतर्गत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी जिला स्तरीय जनगणना प्रकोष्ठ के अध्यक्ष होंगे। इसी तरह जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अपर कलेक्टर जिला जनगणना अधिकारी, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर और जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग, सहायक संचालक जनसंपर्क, जिला खाद्य अधिकारी, महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी, ईडीएम, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा और श्रम पदाधिकारी जिला स्तरीय जनगणना प्रकोष्ठ के सदस्य होंगे।

### खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

**भिलाई।** संस्कृतिक भवन वैशाली नगर में कारा-कु-जु-बो-काई-कान फुल कॉन्टेक्ट कराते के दुर्ग जिला स्तरीय कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का अयोजन संस्था के डायरेक्टर सेन्साई गिरी राव द्वारा किया गया। ग्रेडिंग परीक्षा के उद्घाटन समारोह दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, यूनियन नेता एच एस मिश्रा और गुरजीत भाटिया उपस्थित थे। आयोजन के समापन समारोह पूर्व जिला व सत्र न्यायधीश अग्रलाल जोशी, तुलसी साहू, प्रेमसागर चतुर्वेदी, मो शहजाद खान, मो. आरिफ खान और प्रवीण सिंग उपास्थित थे। अतिथियों द्वारा महिला व पुरुष खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। रामकुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेडिंग परीक्षा व कार्यक्रम का संचालन संस्था के सीनियर ब्लैक बेल्ट्स अरविंद चंदेल, दीपक गुप्ता, जे पी राजू, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, भरत साहू, श्रवन साहू, सुभाष सोनी, रेणुका साहू, विवेक देवांगन, अनुज दहाते, मोनप्रीत लहरी, काजल बेहरा, विपिन दहाते, रोहन देवंगन व सीनियर कलर बेल्ट रविकांत दुबे, अमरकांत तिवारी, अविनाश साहू व अविष मनराल ने किया। ग्रेडिंग परीक्षा में ब्राउन बेल्ट प्रथम गीतिका साहू, अभिषेक साहू, अदिति शर्मा, सृजन साहू, तृप्ति साहू, तृषा जैन। ब्राउन बेल्ट द्वितीय- फातिमा जैनब सिद्दीकी, रावी देशमुख, अद्वितीया द्विवेदी, समीक्षा साहू, राज आर्यन डांगले, वाय आदृत मूर्ति।

## महापौर ने भरा गणना पत्रक जनगणना से जुड़ने का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

**दुर्ग।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत नगर निगम दुर्ग की प्रथम नागरिक महापौर अलका बाघमार द्वारा मंगलवार सुबह अपने परिवार की स्व-गणना कर नागरिकों को प्रेरित किया गया। जिला अवसंरचना समन्वयक अमित कुमार ताम्रकार ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना की व्यवस्था आधिकारिक पोर्टल पर 16 से 30 अप्रैल तक उपलब्ध है। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया सरल, तेज एवं पारदर्शी बनेगी।

- 1 मई से घर पहुंचेंगे प्रगणक, स्व-गणना को बढ़ावा

उन्होंने बताया कि पोर्टल में आसान भाषा में प्रश्न दिए गए हैं, जिन्हें मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप के माध्यम से भरकर नागरिक स्व-गणना आईडी प्राप्त कर सकते हैं।इससे जनगणना की प्रक्रिया को गति मिलेगी और समय पर कार्य पूर्ण हो सकेगा। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जानकारी दी कि स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात 1 मई से 31 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे तथा जनगणना के कार्य को अंतिम रूप देंगे। नगर निगम दुर्ग द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं और देश के इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## बारिश पूर्व सफाई अभियान हुआ तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा वार्ड 51 साहू होटल के पास, धनोरा रोड, बोरसी में नाली की सफाई की गई है। इसके अ ला वा समस्त वार्डों में नालियों की नियमित सफाई की जा रही है। वर्षा ऋतु से पूर्व सभी बड़े नालों एवं नालियों की सफाई का कार्य प्रतिवर्ष वृहद स्तर पर किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी कार्ययोजना बनाकर सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही नहर सफाई का कार्य भी लगातार जारी है।



आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए समय रहते सभी नालों एवं नालियों की सफाई कराई जा रही है। मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे नालियों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

# जैविक खाद के उपयोग और मिलेट्स फसलों की पैदावारी को दें बढ़ावा : राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने कहा कि संभाग अंतर्गत फसलों की पैदावारी बढ़ाने हेतु जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। इसी प्रकार मिलेट्स फसलों जैसे ज्वार, बाजरा, रागी आदि की पैदावारी के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर इनके प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग पर भी कृषि विभाग द्वारा आवश्यक पहल की जाए। बालोद स्थित मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाने में गन्ने की आपूर्ति हेतु गन्ने के फसल की पैदावारी हेतु दुर्ग जिले के किसानों को भी अनुदान राशि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

संभाग मुख्यालय दुर्ग स्थित कृषि विभाग के प्रशिक्षण केन्द्र भवन का सदुपयोग हेतु कृषकों का प्रशिक्षण एवं भ्रमण आदि होते रहना चाहिए। उक्त भवन अन्य विभागों के प्रशिक्षण हेतु भी निर्धारित दर पर उपलब्ध कराई जाए। संभाग आयुक्त राठौर संभागीय कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक कृषि को उक्त निर्देश दिए। शासन द्वारा 20 अप्रैल से 15 जून तक स्कूलों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। संभाग अंतर्गत सभी शासकीय-अशासकीय स्कूलों में आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा को निर्देशित किया कि बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैम्प आदि का आयोजन स्कूल प्रबंधन द्वारा नहीं कराये जाए।



### सुशासन तिहार के लिए तैयारी,

संभाग आयुक्त श्री राठौर ने सभी संभागीय अधिकारियों को सुशासन तिहार हेतु विभागीय तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यालयों के चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों हेतु ड्रेस कोड पर जोर देते हुए अधिकारियों को गंभीरता से ध्यान देने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने शासकीय सीसीएम कॉलेज कचांदुर में पीडब्ल्यूडी एवं विद्युत यांत्रिकी द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली एवं अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त राजस्व पदुमलाल यादव और उपायुक्त विकास संतोष ठाकुर आदि मौजूद थे।

### काव्य गोष्ठी में रचनाकारों ने दी प्रस्तुति, किया गया सम्मानित

**भिलाई।** मुक्तस्वर साहित्य समिति के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी और गायक कमल कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गोविन्द पाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महासचिव एवं पुलिस अधीक्षक सीआईडी नरेंद्र सिक्केवाल शामिल हुए। उपसचिव शंकर भट्टाचार्य ने समिति द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले साझा संकलन के संबंध में जानकारी दी।

पेज 9 का शेष

### ओबीसी महासभा ने ...

का कहना है कि जातिगत जनगणना के अभाव में ओबीसी वर्ग की वास्तविक जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और प्रतिनिधित्व से जुड़े सटीक आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं, जिससे नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन प्रभावित होता है। **ये रहे उपस्थित :** ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष भगवती सोनकर, प्रदेश सचिव मनसुखदास साहू, प्रदेश कार्यालय प्रभारी प्रीतम देशमुख, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा प्रतिमा यादव, पद्मिनी साहू, पवन साहू, कमला सिन्हा, विमल साहू, पीमन साहू, मिथिलेश साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिला को तेज रफ्तार ...

बाएं पैर में चोट आयी है, मेरे साथ रहे प्रवीण महिलांगे ने मुझे ईलाज हेतु निजी वाहन से जिला अस्पताल बालोद लाये जहां मेरा प्राथमिक उपचार के बाद अपने घर चली गयी। ठीक होने के बाद रिपोर्ट लिखाने आई।

### 30 वर्षों से वर्षीतप ...

15 वर्ष आहार ग्रहण करते हुए बिताए हैं। पारणा के पश्चात अगले ही दिन से उन्होंने पुनः तपस्या का क्रम पूर्ववत प्रारंभ कर दिया। परिवार में उनकी बहन म.सा. श्री सुगुप्ति श्री जी एवं भतीजी म.सा. श्री सुप्रीति श्री जी भी आचार्य श्री रामलाल जी म.सा. के शासन में दीक्षित होकर जैन धर्म की सेवा में संलग्न हैं। पुष्पा देवी संचेती की यह तपस्या क्षेत्रवासियों के लिए आस्था, संयम और संकल्प की प्रेरणादायक मिसाल बनी हुई है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### रेखा लोनारे को परियोजना अधिकारी पद पर पदोन्नति

**अण्डा।** महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग (ग्रामीण) अंतर्गत अंडा सेक्टर में पदस्थ सुपरवाइजर रेखा लोनारे को परियोजना अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया गया है। उनके नवागढ़ (बेमेतरा) में पदस्थापना होने पर अंडा सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। रेखा लोनारे ने करीब 9 वर्षों तक अंडा सेक्टर में अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने महिलाओं और बच्चों के लिए शासन की विभिन्न योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। वे आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग करती रहीं और समय-समय पर कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को आवश्यक मार्गदर्शन व निर्देश देती रहीं, जिससे केंद्रों का संचालन बेहतर तरीके से हो सका। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी उषा झा ने भी लोनारे के प्रमोशन पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके नए दायित्वों के सफल निर्वहन की कामना की।

### खुरसुनी में 23 को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन एवं जनशिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बालोद द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु नियमित रूप से जिले के प्रत्येक विकासखण्डों में जिला स्तरीय 'जनसमस्या निवारण शिविरों' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खुरसुनी में गुरूवार, 23 अप्रैल को सुबह 10 बजे से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के निर्देशानुसार ग्रामीणों एवं आम जनता की मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही प्रभावी ढंग से निराकरण सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिससे शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इस दौरान शिविर स्थल पर सभी विभागों के सुव्यवस्थित स्टॉल लगाए जाएंगे और योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के आयोजन को लेकर 24 अप्रैल को बैठक

**बालोद।** जिले में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के क्रियान्वयन हेतु 24 अप्रैल को बैठक आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माह अप्रैल–मई 2026 में जिला मुख्यालय बालोद में 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2026 का आयोजन किया जाएगा। जिसके सफल क्रियान्वयन हेतु 24 अप्रैल को संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपर कलेक्टर के कक्ष में सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर महत्वपूर्ण आयोजन है। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से इच्छुक खिलाड़ी खेल विधाओं की जानकारियों से अवगत होंगे, जो उनके खेल कौशल में सहायक होगी। जिले में खेल का वातावरण बनेगा और नए खिलाड़ियों की रूझान खेलों की ओर बढ़ाने एवं नवोदित खिलाड़ियों में खेल के प्रति जागरूकता लाने हेतु आयोजन किया जाना है।

**आयोजन : माता सुलक्षणा देवी के प्रवचन सुनने उमड़े श्रद्धालु**

# हीरापुर में कबीर साहेब सत्संग का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम हीरापुर में चल रहे सदगुरु कबीर साहेब सत्संग समारोह के अंतिम दिवस बुधवार को माता साहिबा का दर्शन लाभ लेने व आशीर्वचन सत्संग में हीरापुर सहित आस पास के ग्रामीणों ने प्रवचन का लाभ लिए।

माता के ग्राम आगमन पर गृह ग्राम के मुख्य द्वार पर स्वागत एंव बाइक रैली के माध्यम से ग्राम में प्रवेश किया, वही महिला मंडल की महिलाओ व ग्रामीणों द्वारा बाजे गाजे के साथ कलश यात्र निकाल कर मंच तक लेकर गए। जंहा गुरु आरती कर आशीर्वचन दर्शनलाभ एंव भेंट बन्दगी किया गया। दो दिवसीय कबीर साहेब सत्संग में छोटी माता साहिबा सुलक्षणा देवी ने अपने प्रवचनों के माध्यम से भक्तों को कबीर परमेश्वर की भक्ति और मानवीय मूल्यों का संदेश दिया।





माता जी ने जोर दिया कि कबीर साहेब ही एकमात्र पूर्ण परमात्मा हैं और उनकी शरण में आने से ही जीव का कल्याण मोक्ष संभव है। निराकार और साकार का ज्ञान के तहत उन्होंने कबीर साहेब की विचारधारा को समझाते हुए कहा कि परमात्मा निराकार होते हुए भी भक्तों के लिए साकार रूप में अवतार लेते हैं। मानवीय प्रेम और सद्गुण के तहत उन्होंने बताया कि प्रेम ही भक्ति का मूल आधार है। ढाई आखर प्रेम का पढ़कर ही सच्चा ज्ञानी बना जा सकता है। सामाजिक समरसता छोटी माता साहिबा ने जाति–पाति, ऊंच–नीच के भेदभाव का विरोध किया और मानवता के आधार पर सबको एक समान माना। व्यसन और कुरीतियों का त्याग के तहत उन्होंने सत्संगी भाई–बहनों को झूठ, चोरी और व्यभिचार जैसे विकारों से दूर रहने और शाकाहारी जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। सत्यनाम का जाप के तहत माता जी ने ज्ञान और भक्ति के साथ–साथ सतनाम (ऊँ–सोहं) के जाप पर जोर दिया, ताकि माया और काल के विकारों से मुक्ति मिल सके। उनके प्रवचन का सार यह था कि जीव को अपनी आत्मा का कल्याण करने के लिए कबीर साहेब की शरण में आकर गुरुमुख होकर जीवन जीना चाहिए।

### ये रहे उपस्थित

प्रवचन का रसपान करने मनसुख साहू, ज्ञानेन्द्र साहू, सतानंद साहू, संतरामस साहू, शत्रुघन साहू, हेमन्त साहू, पीलेश्वर साहू, उत्तम साहू, तोकेश्वर साहू, रामप्रसाद साहू, माखन साहू, लक्ष्मण साहू, कृपाराम साहू, कृष्णाराम साहू, प्रभुराम साहू, रामचंद्र साहू, प्रीतलाल साहू, दाऊलाल साहू, रामानंद साहू, हेमराज साहू, हरखराम साहू, सोहनलाल साहू, कोमल साहू, निरंजन साहू, यादराम साहू, शांतनु साहू, सरपंच दानेश्वरी, उपसरपंच यतीश साहू, भानबाई साहू, गायत्री साहू, कीर्तिका साहू, गोमती साहू, हरिराम साहू एवं आसपास के ग्रामीण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# 30 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवन अनुज्ञा पत्र वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 30 चयनित हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रदान की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने हितग्राहियों को उनके सपनों के घर का स्वीकृति पत्र सौंपा गया।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि शासन की मंशा है कि हर पात्र परिवार का अपना पक्का घर हो। उन्होंने बताया कि प्रत्येक हितग्राही को आवास निर्माण के लिए 2 लाख 50 हजार रुपए की राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त घर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात उन्हें शगृह प्रवेश योजनाश के अंतर्गत 32,500 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस प्रकार एक हितग्राही को कुल 2 लाख 82 हजार 500 रुपए का सीधा आर्थिक लाभ प्राप्त होगा, जिससे वे अपने आवास का निर्माण सुगमता से कर सकेंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति रही। जिसमें विजय सोनकररू उपाध्यक्ष, नगर पंचायत, कोमल ठाकुर सीएमओ, सब इंजीनियर, पार्षद गणरू हरीश निषाद, सेवक महिपाल, शैल महोबिया और हेमंत सोनकर उपस्थित रहे।

# संगठन सृजन अभियान: बड़भूम बूथ में कांग्रेस कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संगठन सृजन अभियान के तहत संगठनात्मक पूर्णता व संगठन की मजबूती के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर अध्यक्ष किशोर साहू के आह्वान में कंकालीन बालोदगहन मंडल अध्यक्ष सुमीत राजपूत के मार्गदर्शन में नारागांव सेक्टर अध्यक्ष बल्ला राम कुंजाम के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत ग्राम बड़भूम बूथ में बैठक आहूत की गई, जिसमें सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन किया गया है।



जिसमें बूथ अध्यक्ष डामन बेसरा, उपाध्यक्ष फागू राम सोरी, कोषाध्यक अधारी राम उईके, महामंत्री सुरेश कुरैटी, मेघनाथ कोवाची, सचिव नखत कोमरे, अमरनाथ जूरी, सो. मी. समन्वय जैल सिंह ऊईके, कार्यकारिणी सदस्य साधुराम कोरेटी, गैंद लाल कोरेटी, छबिलाल पोया माखन बघेल, बी.एल.ए वासुदेव सोरी, पंचायत स्तरीय अध्यक्ष रामाधार कुंजाम, उपाध्यक्ष सुनीता दरो, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुंजाम, महामंत्री संदीप यादव, जितेश कुरैटी, सचिव शंकर कोवाची, नरेंद्र बघेल, सो.मि. समन्वयक ममता जामदार, कार्यकारिणी रोशनी कुरैटी, सीमा कुंजाम, मधु कुरैटी, ऊषा नेताम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम कुरैटी उपाध्यक्ष मुरारी कोवाची, कोषाध्यक्ष संजय कुरैटी, महामंत्री पवन मंडावी, रिमेंद्र कुंजाम, सचिव सतीश पोया, देव धुरव, सो.मी.समन्वयक नोमेश दुग्गा को नियुक्त किया गया।

इस अवसर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सचिव शिवम् कुरैटी, सेक्टर प्रभारी बल्ला कुंजाम, गैंद लाल कोरेटी, माखन बघेल, फागू सोरी संदीप यादव, जैल सिंह, सीता राम कुरैटी, संजय कुरैटी, ताम्रध्वज गोटी सहित बड़भूम, दुग्गाबहरा, पेटेचुवा, भेजा के स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जटिल सर्जरी से 5 वर्षीय बालक को मिला जीवन

**दल्लीराजहरा।** शहर के शहीद अस्पताल ने एक बार फिर मानवीय सेवा और चिकित्सकीय दक्षता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 5 वर्षीय बालक की जान बचाने में बड़ी सफलता हासिल की है। भीषण सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए बालक का समय पर उपचार और जटिल आपातकालीन शल्य चिकित्सा कर उसे नया जीवन दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, समीपस्थ ग्राम भेड़ी निवासी बालक 14 अप्रैल 2026 को खेलते समय एक दोपहिया वाहन की चपेट में आ गया था। दुर्घटना के बाद परिजन उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया गया। इसके पश्चात 15 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे परिजन बालक को दल्लीराजहरा स्थित शहीद अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर बालक की स्थिति अत्यंत नाजुक थी। वह अत्यधिक रक्तस्राव के कारण जीवन के खतरे वाली अवस्था में था और उसके पेट के भीतर लगातार रक्तस्राव हो रहा था। अस्पताल के विशेषज्ञ दल ने बिना देर किए बालक को भर्ती कर आपातकालीन उपचार शुरू किया तथा आवश्यक रक्त चढ़ाकर उसकी स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने उसी रात आपातकालीन शल्य चिकित्सा करने का निर्णय लिया। देर रात शुरू हुआ ऑपरेशन तड़के लगभग ढाई बजे तक चला।



सर्जरी के दौरान यह पाया गया कि बालक की प्लीहा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दो भागों में विभाजित हो चुकी थी और उससे जुड़ी नसें भी फट गई थीं। अत्यंत जटिल परिस्थितियों में चिकित्सकों ने सफलतापूर्वक शल्य चिकित्सा कर रक्तस्राव को रोका और बालक की जान बचाई। ऑपरेशन के बाद बालक को विशेषज्ञ निगरानी में रखा गया, जहां संक्रमण से बचाव हेतु आवश्यक दवाइयां और उपचार दिया गया। लगातार निगरानी और समुचित देखभाल के चलते बालक की स्थिति में तेजी से सुधार हुआ। अब बालक पूरी तरह खतरे से बाहर है और 22 अप्रैल को उसे स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दी जा रही है। आगे के सुरक्षित जीवन के लिए उसे आवश्यक टीकाकरण भी कराया जाएगा। इस पूरे उपचार का खर्च आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क किया गया, जिससे परिजनों को बड़ी राहत मिली। शहीद अस्पताल लगातार जरूरतमंदों को इस योजना का लाभ दिलाने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस सफलता पर शहीद अस्पताल के चिकित्सक डॉ. शैबाल जाना ने बताया कि बालक की स्थिति बेहद गंभीर थी और समय पर निर्णय लेना सबसे बड़ी चुनौती थी। पूरी टीम ने समन्वय के साथ कार्य करते हुए इस जटिल सर्जरी को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में हर मिनट कीमती होता है और सही समय पर उपचार ही जीवन बचाने में निर्णायक साबित होता है। अस्पताल के अन्य चिकित्सकों और स्टाफ ने भी इसे टीमवर्क का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों और प्रशिक्षित स्टाफ की तत्परता से ही इस प्रकार के गंभीर मामलों में सफलता मिल रही है।

यह घटना न केवल शहीद अस्पताल की चिकित्सा क्षमता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि दल्लीराजहरा जैसे शहर में भी उच्च स्तर की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं। अस्पताल प्रबंधन ने भविष्य में भी इसी तरह समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करते रहने का संकल्प दोहराया है।

# दल्लीराजहरा के 8 पावरलिफ्टर राष्ट्रीय मंच के लिए तैयार, उदयपुर में ताकत का होगा दमदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले का खैर नगरी औद्योगिक नगर दल्लीराजहरा एक बार फिर खेल जगत में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। राजस्थान के उदयपुर में 25 से 28 अप्रैल तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में यहां के 8 होनहार खिलाड़ी हिस्सा लेकर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा मंच मानी जाती है, जहां ताकत, तकनीक और अनुशासन का संगम देखने को मिलता है।

■ प्रतियोगिता देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए बड़ा मंच



प्रतियोगिता में शामिल होने से पहले सभी खिलाड़ियों ने जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख से मुलाकात कर मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह अवसर केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि खुद को राष्ट्रीय स्तर पर साबित करने का सुनहरा मंच है। खिलाड़ियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और समर्पण के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी गई। प्रतियोगिता में दल्लीराजहरा के जिन खिलाड़ियों का चयन हुआ है, उनमें अंजना सिंह (47 किग्रा.), मधु अहीर (63 किग्रा.), सृष्टि विभार (63 किग्रा.), छमिछा रावटे (57 किग्रा.), हिमेश उर्वशा (59 किग्रा.), सागर यादव (66 किग्रा.), एम. अमिताभ (74 किग्रा.) और अमन चौधरी (74 किग्रा.) शामिल हैं। सभी खिलाड़ी अपने-अपने वर्ग में कड़ी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं और पदक जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेंगे। टीम के कोच एम. हरि नाथ और टीम मैनेजर कृष्णा मूर्ति के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास के जरिए अपनी तैयारी को अंतिम रूप दिया है। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों ने तकनीकी सुधार, फिटनेस और मानसिक मजबूती पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे वे राष्ट्रीय स्तर की चुनौती का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें।

दल्लीराजहरा क्षेत्र में इस उपलब्धि को लेकर खासा उत्साह है। स्थानीय खेल प्रेमियों और नागरिकों को इन खिलाड़ियों से बड़ी उम्मीदें हैं। यदि खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखते हैं, तो यह न केवल व्यक्तिगत सफलता होगी, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण भी साबित होगा।

यह भागीदारी यह भी दर्शाती है कि छोटे शहरों से निकलकर खिलाड़ी अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। दल्लीराजहरा के ये खिलाड़ी न सिर्फ पदक के लिए संघर्ष करेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनकर एक नई दिशा भी तय करेंगे।

# ग्राम पाररास में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पाररास में साहिरो परिवार द्वारा संगीतमय श्रीमद् कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 20 अप्रैल से किया गया है। जिसका समापन 28 अप्रैल को होगा।

जिसमे कथावाचक पंडित यशवंत महराज है। कथा दोपहर 1 बजे से प्रांरभ हो रही है। जिसके प्रथम दिवस कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया था। जिसमे ग्राम की महिलाओं ने पीले वस्त्र



धारण कर सिर में कलश लेकर कलश यात्रा निकाली। जिसके बाद भागवत कथा प्रारंभ हुआ, जिसमें लगातार भागवत रूपी गंगा प्रवाहित हो रही है, जिसे श्रवण करने बड़ी संख्या में भक्त पहुँच रहे है।

**हमारी शक्ति-हमारा ग्रह थीम पर मनाया विश्व पृथ्वी दिवस**

# विश्व पृथ्वी दिवस पर विद्यालय में हुआ पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा धरती को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद यूथ एंड इको क्लब के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य चंद्रमणि वासनिक ने की। इस अवसर पर भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए गमलों में पौधारोपण किया गया, जिन्हें वर्षा ऋतु के प्रारंभ में विद्यालय परिसर में रोपा जाएगा। साथ ही अन्य पौधों में जल एवं खाद का छिड़काव कर उनके संरक्षण का संदेश दिया गया। वरिष्ठ व्याख्याता टी.एल. देवांगन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें प्रकृति के महत्व को समझना होगा और बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए सामूहिक रूप से पौधारोपण एवं उसका संरक्षण करना आवश्यक है। व्याख्याता रेशमी साहू ने कहा कि जल संकट और ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ ऊर्जा की बचत और प्लास्टिक का उपयोग कम करना जरूरी है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने पृथ्वी दिवस के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि इसकी शुरुआत 22 अप्रैल 1970 को गेलार्ड नेल्सन द्वारा की गई थी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य के लिए हमें पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखना होगा तथा जैविक खेती और पराली प्रबंधन को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही सोलर पैनल के उपयोग से पारंपरिक ऊर्जा पर निर्भरता कम की जा सकती है। व्याख्याता पवन सिन्हा ने कहा कि भविष्य में पर्यावरण प्रदूषण और जल संकट से बचने के लिए अभी से जागरूक होकर सामूहिक प्रयास करना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम "हमारी शक्ति–हमारा ग्रह" है, जो पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर आधारित है। उन्होंने विद्यार्थियों को 3आर के सिद्धांत रिड्यूस, रीयूज़ और रीसायकल को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रा देबनाथ, हर्षा देवांगन, चंद्र प्रकाश सोनबोईर, सुरेंद्र नेताम, रूपेश देवांगन, कुंदन यादव सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411